II UNIT SYLLABUS

CLASS:- V

HINDI I

पाठ -9 विशेषण

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-

(क) विशेषण किसे कहते हैं ?उदाहरण सहित लिखो।

उ०किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं जैसे -चतुर ,मोटा, प्रथम, पांच लीटर आदि।

(ख) विशेषण के कितने भेद होते हैं ?उनके नाम लिखो।

उ० विशेषण के चार भेद होते हैं-

1.गुणवाचक विशेषण

2.संख्यावाचक विशेषण

3.परिमाणवाचक विशेषण

4. सार्वनामिक विशेषण

(ग) विशेष्य की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ०विशेषण द्वारा जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताई जाती है उसे विशेष्य कहते हैं

जैसे - गरीब आदमी= आदमी

ऊंची दुकान= दुकान आदि।

पाठ- 10 क्रिया और काल

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-

(क) क्रिया किसे कहते हैं ?उदाहरण सहित लिखो।

उ०जिस शब्द से किसी कार्य के करने या होने का बोध हो उसे क्रिया कहते हैं जैसे- घोड़ा दौड़ता है ,मोर नाचता है आदि।

(ख) क्रिया कितने प्रकार की होती है? उनके नाम लिखो।

उ० क्रिया दो प्रकार की होती है-

सकर्मक क्रिया

अकर्मक क्रिया

(ग) सकर्मक क्रिया तथा अकर्मक क्रिया में क्या अंतर है?

उ० सकर्मक क्रिया बिना कर्म

की पूरी नहीं होती जबकि अकर्मक क्रिया बिना कर्म के ही पूरी होती है।

(घ) क्रिया का काल किसे कहते हैं? भेद सहित लिखो।

उ०क्रिया के जिस रुप से उसकी होने के समय का ज्ञान होता है उसे क्रिया का काल कहते हैं काल के तीन भेद होते हैं-

1. वर्तमान काल

2. भूतकाल

3. भविष्यत काल

पाठ-11 अव्यय

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-

(क) अव्यय किसे कहते हैं?

उ० जिन शब्दों से लिंग, वचन, काल के प्रभाव के कारण परिवर्तन नहीं होता उन्हें अव्यय कहते हैं।

(ख) अव्यय के कितने भेद होते हैं ?उनके नाम लिखो।

उ० अव्यय के चार भेद होते हैं-

1. क्रिया- विशेषण

2. समुच्चयबोधक

3. संबंधबोधक

4. विस्मयादिबोधक
(ग)क्रिया -विशेषण किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं? सभी के नाम लिखो।
उ० क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द को क्रिया- विशेषण कहते हैं। इसके चार भेद होते हैं-
1.रीतिवाचक क्रिया -विशेषण
2.स्थान वाचक क्रिया -विशेषण
3.कालवाचक क्रिया -विशेषण
4.परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण

पर्यायवाची शब्द-पवन से जमुना तक
विलोम शब्द- ईमानदार से सगुण तक
अनेकार्थी शब्द-निशाचर से मित्र तक
वाक्यांश-जो दूसरे के अधीन हो से संगीत क्या ज्ञान रखने वाला तक
मुहावरे-ठन- ठन गोपाल से नाक कटना तक
पत्र- छात्रावास से पिताजी को पत्र, अपने नए विद्यालय के संबंध में मित्र को पत्र
निबंध-समाचार पत्र का महत्व ,अनुशासन का महत्व, समय का सदुपयोग,विज्ञान वरदान या अभिशाप
कहानी-सिद्धि मंत्र